कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व

।। प्रेस नोट ।।

@ DCPEastJodhpur   DCPEastJodhpur   @ Dcp Jodhpur East

दिनांकः– 10.08.2023

- ऑपरेशन "गरिमा" का शुभारम्भ
- ऑपरेशन के तहत मनचलों को चिन्हित कर पुलिस करेगी त्वरित कार्यवाही
- साथ ही चलाया गया साईबर अवेयरनेस का प्रोग्राम
- सुरक्षा सखी तथा स्वयं सहायता समूह के साथ किया गया संवाद, समस्याओं के बाबत् मांगे गये सुझाव
- इस अभियान के दौरान 1000 के करीब महिला सुरक्षा सखियां तथा महिलाएं ने भाग लिया।

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर द्वारा राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदत निर्देशों के तहत स्कूल–कॉलेज के बाहर और अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं के साथ मनचलों द्वारा छेड़छाड़ तथा छींटाकशी की घटनाओं को रोकने के लिये आज सामुदायिक भवन, तिलक नगर प्रथम, भदवासिया पुलिस थाना महामंदिर क्षेत्र में **"ऑपरेशन गरिमा"** श्रीमान् रविदत्त गौड, पुलिस आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में शुरू किया गया। जिसमें जिला जोधपुर पूर्व की महिला सुरक्षा सखियों, महिला सीएलजी सदस्यों सहित करीब 300 बालिकाओ एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने जनसंवाद किया गया ताकि समाज के मनचले युवाओं की शिकायतें सुरक्षा सखियों के माध्यम से त्वरित गति से पुलिस तक पहुँच सके। इस दौरान उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिये निर्देश दिये गये। साथ ही उनसे सुझाव लिये गये। बालिकाओं तथा महिलाओं को पुलिस विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया साथ ही उनके अधिकारों के बारे में उनको अवगत करवाया गया।

इसके साथ ही ऑपरेशन साईबर अवेयरनेस भी शुरू किया गया। जिसमें आम लोगों को साईबर अपराध/फ्रॉड के बारे में अवेयर किया जायेगा तथा उनको रोकने के लिये सावधानियां तथा समाधान के बारे में अवगत करवाया जायेगा। उक्त मिटिंग में मन् पुलिस उपायुक्त पूर्व , श्री नाजिम अली खान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, श्री ओमप्रकाश सरावग सहायक पुलिस आयुक्त, पूर्व श्री पीयूष कविया सहायक पुलिस आयुक्त, मण्डोर, श्रीमती छवि शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त, केन्द्रीय उपस्थित रहे। इसके साथ ही जिले के समस्त थानों में थानाधिकारीगण द्वारा भी अपने–अपने थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा सखियों, महिला सीएलजी सदस्यों सहित बालिकाओ एवं महिलाओं के साथ जनसंवाद किया गया। इस दौरान मनचलों/शरारती तत्वों के बारे में सूचना समय पर देने हेतु समझाईश की गई। इस दौरान जिले में करीब 1000 के करीब महिला सुरक्षा सखियों, महिला सीएलजी सदस्यों सहित बालिकाओ एवं महिलाओं ने भाग लिया।

आपके सहयोग की अपेक्षा में – जोधपुर पूर्व पुलिस

(डॉ. अमृता दुहन)
पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व


ऑपरेशन "गरिमा"
मनचलों को चिन्हित कर जोधपुर पुलिस करेगी
कार्यवाही
निर्भया स्क्वाड, मानव तस्करी विरोधी यूनिट और
पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर
आसपास मनचलों को चिन्हित कर की जाएगी
आमजन इस प्रकार की गतिविधि के बारे में महिला
गरिमा हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098
पर पर सूचना दे सकते हैं।

NAZIM


डा.अमृता
Dr.AMRITA